
Dainik Jagran
Dt.20-11-2026

क्यूआर कोड से प्रमाणपत्रों का आनलाइन सत्यापन शुरू : डा. राजेश

जागरण संवाददाता, धर्मशाला : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि बोर्ड ने मार्च 2026 सत्र में आयोजित दसवीं व जमा दो की नियमित तथा राज्यमुक्त विद्यालय परीक्षाओं के प्रमाणपत्रों का क्यूआर कोड एवं ब्लाक चेन टेक्नोलाजी के माध्यम से आनलाइन सत्यापन शुरू कर दिया है। विद्यार्थी बोर्ड द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान कर इसका लाभ उठा सकते हैं।



डा. राजेश शर्मा ● जागरण आर्काइव

उनके मुताबिक सत्यापन प्रक्रिया में ब्लाक चेन टेक्नोलाजी के इस्तेमाल से प्रमाणपत्रों की प्रामाणिकता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। क्यूआर कोड के जरिए प्रमाणपत्र से जुड़ी जानकारी का डिजिटल सत्यापन किया जा सकेगा। यह तकनीक प्रमाणपत्रों से छेड़छाड़ की आशंका कम करने और उनकी सत्यता की जांच को अधिक सुरक्षित एवं पारदर्शी बनाने में सहायक है।

Himachal Dastak Dt. 20-11-2026

अब क्यूआर कोड से ऑनलाइन सत्यापित होंगे बोर्ड के प्रमाणपत्र

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रमाणपत्रों के सत्यापन की प्रक्रिया को डिजिटल कर दिया है। अब मैट्रिक और जमा दो के प्रमाणपत्रों का सत्यापन क्यूआर कोड और ब्लॉकचेन तकनीक के माध्यम से ऑनलाइन किया जा सकेगा।

बोर्ड ने मार्च, 2026 सत्र की नियमित और हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय (एसओएस) परीक्षाओं के प्रमाणपत्रों के लिए यह सुविधा शुरू कर दी है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि विद्यार्थी निर्धारित शुल्क का भुगतान कर इस ऑनलाइन सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इसके तहत प्रमाण पत्रों से जुड़ी जानकारी क्यूआर कोड के माध्यम से डिजिटल रूप में सत्यापित की जा सकेगी। वहीं, ब्लॉकचेन तकनीक प्रमाण पत्रों की प्रामाणिकता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने में मददगार होगी। इससे प्रमाणपत्रों के साथ छेड़छाड़ की आशंका कम होगी और उनकी सत्यता की जांच अधिक सुरक्षित एवं पारदर्शी बनेगी। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी और गैर-सरकारी विभागों सहित विभिन्न संस्थाओं को विद्यार्थियों के प्रमाणपत्रों का सत्यापन करना पड़ता है। नई व्यवस्था से न केवल विद्यार्थियों को राहत मिलेगी, बल्कि सत्यापन करने वाली संस्थाओं का काम भी आसान और समयबद्ध होगा। बोर्ड का उद्देश्य आधुनिक डिजिटल तकनीक के माध्यम से अपनी सेवाओं को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और प्रभावी बनाना है।



▮ दसवीं और जमा दो के मार्च 2026 सत्र के प्रमाणपत्रों के लिए सुविधा शुरू

AAPKA FAISLA Dt. 20-11-2026

हिमाचल बोर्ड के प्रमाण-पत्रों का ऑनलाइन सत्यापन शुरू, अब क्यूआर कोड और ब्लॉकचेन से होगी जांच



धर्मशाला, (आपका फैसला)। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE) ने अपने प्रमाण-पत्रों की जांच प्रक्रिया को आधुनिक बनाते हुए ऑनलाइन सत्यापन की नई सुविधा शुरू कर दी है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि मार्च 2026 सत्र की मैट्रिक (10वीं) और जमा दो (12वीं) की परीक्षाओं के प्रमाण-पत्रों को अब क्यूआर कोड (त्वरित प्रतिक्रिया कोड) और ब्लॉकचेन तकनीक (Blockchain Technology) की मदद से ऑनलाइन सत्यापित किया जा सकेगा। इस सुविधा का लाभ नियमित (Regular) और राज्य मुक्त विद्यालय (SOS) के सभी परीक्षार्थी उठा सकेंगे। बोर्ड की इस नई पहल के बाद अब विद्यार्थियों को अपने दस्तावेजों की जांच के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। वे बोर्ड द्वारा तय किया गया शुल्क ऑनलाइन जमा कर घर बैठे ही इस सेवा का उपयोग कर सकते हैं। डॉ. शर्मा के अनुसार, ब्लॉकचेन तकनीक के इस्तेमाल से प्रमाण-पत्रों की असलियत और विश्वसनीयता बनी रहेगी, जबकि क्यूआर कोड के जरिए उनकी जानकारी को तुरंत डिजिटल रूप से जांचा जा सकेगा। इससे फर्जीवाड़े या दस्तावेजों से छेड़छाड़ की गुंजाइश पूरी तरह खत्म हो जाएगी। अध्यक्ष ने आगे कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों, सरकारी विभागों और निजी कंपनियों को अक्सर नियुक्तियों या दाखिलों के समय छात्रों के प्रमाण-पत्रों की जांच करनी पड़ती है। इस डिजिटल प्रणाली से न केवल छात्रों को राहत मिलेगी, बल्कि जांच करने वाली संस्थाओं का समय भी बचेगा। शिक्षा बोर्ड की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और तेज बनाने की दिशा में यह एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम है।

पंजाब केसरी
FRI,20 NOVEMBER 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 4

तपोवन विधानसभा सत्र की कार्यवाही देखने पहुंचे 300 विद्यार्थी



धर्मशाला : हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन स्कूली बच्चों के साथ विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया। (नितिन)

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने समझाई संसदीय प्रणाली की कार्यप्रणाली

तपोवन (धर्मशाला), 19 नवम्बर (सुनील): तपोवन में चल रहे हिमाचल प्रदेश विधानसभा के 13वें सत्र के चौथे दिन कांगड़ा, चम्बा और हमीरपुर जिलों के विभिन्न स्कूलों के करीब 300 विद्यार्थियों ने सदन की कार्यवाही देखी। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने विद्यार्थियों से मुलाकात कर उन्हें संसदीय प्रणाली और लोकतांत्रिक व्यवस्था की जानकारी दी। विद्यार्थियों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडू व थुलेल, सैनिक स्कूल सुजानपुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धीरा और एटीसी टॉपर शाहपुर के छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

अध्यक्ष ने कहा कि युवा पीढ़ी की विधानसभा की कार्यवाही में बढ़ती रुचि सशक्त लोकतंत्र का संकेत है।

उन्होंने बताया कि लोकसभा और विधानसभा लोकतंत्र के महत्वपूर्ण सदन हैं, जहां जनता के चुने हुए प्रतिनिधि सरकार बनाते हैं और कानून निर्माण की प्रक्रिया में भाग लेते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को लोकसभा और राज्यसभा की संरचना, सदस्यों की संख्या तथा चुनाव प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से समझाया।

Bhartendu Shikhar Dt. 20-11-2026

हिमाचल बोर्ड के प्रमाण-पत्रों का ऑनलाइन सत्यापन शुरू, क्यूआर कोड से होगी जांच



भारतेन्दु संवाददाता, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (एचपीबीओएसई) ने प्रमाण-पत्रों के सत्यापन की प्रक्रिया को डिजिटल बनाते हुए नई ऑनलाइन सुविधा शुरू की है। इसके तहत मार्च 2026 सत्र की दसवीं और जमा दो की परीक्षाओं के प्रमाण-पत्रों का सत्यापन अब क्यूआर कोड और ब्लॉकचेन तकनीक के माध्यम से किया जा सकेगा। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि यह सुविधा नियमित और राज्य मुक्त विद्यालय (एसओएस) के सभी परीक्षार्थियों के लिए उपलब्ध होगी।

इस नई व्यवस्था से विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्रों के सत्यापन के लिए बोर्ड कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। वे निर्धारित शुल्क ऑनलाइन जमा कर घर बैठे ही दस्तावेजों की जांच करवा सकेंगे। डॉ. शर्मा ने बताया कि ब्लॉकचेन तकनीक प्रमाण-पत्रों की प्रामाणिकता और विश्वसनीयता बनाए रखने में मदद करेगी। वहीं, क्यूआर कोड के जरिए दस्तावेजों की जानकारी तुरंत डिजिटल रूप से सत्यापित की जा सकेगी। इससे फर्जी प्रमाण-पत्रों और दस्तावेजों से छेड़छाड़ की आशंका कम होगी।

उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों, सरकारी विभागों और निजी कंपनियों को दाखिले तथा नियुक्तियों के दौरान विद्यार्थियों के प्रमाण-पत्रों का सत्यापन करना पड़ता है। नई डिजिटल प्रणाली से इन संस्थानों को भी सुविधा मिलेगी और सत्यापन में लगने वाला समय बचेगा। बोर्ड का मानना है कि इस पहल से प्रमाण-पत्रों की जांच प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और तेज होगी। इससे विद्यार्थियों और सत्यापन करने वाली संस्थाओं के बीच प्रक्रिया सरल होगी। बोर्ड की यह पहल डिजिटल सेवाओं के विस्तार के साथ शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और दस्तावेजों की विश्वसनीयता मजबूत करने में सहायक होगी।

Dev Bhoomi Mirror Dt. 20-11-2026

हिमाचल बोर्ड के प्रमाण-पत्रों का ऑनलाइन सत्यापन शुरू, अब क्यूआर कोड और ब्लॉकचेन से होगी जांच

देवभूमि मिरर/धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE) ने अपने प्रमाण-पत्रों की जांच प्रक्रिया को आधुनिक बनाते हुए ऑनलाइन सत्यापन की नई सुविधा शुरू कर दी है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि मार्च 2026 सत्र की मैट्रिक (10वीं) और जमा दो (12वीं) की परीक्षाओं के प्रमाण-पत्रों को अब क्यूआर कोड (QR Code) और ब्लॉकचेन तकनीक (Blockchain Technology) की मदद से ऑनलाइन सत्यापित किया जा सकेगा। इस सुविधा का लाभ नियमित (Regular) और राज्य मुक्त विद्यालय (SOS) के सभी परीक्षार्थी उठा सकेंगे। बोर्ड की इस नई पहल के बाद अब विद्यार्थियों को अपने दस्तावेजों की जांच के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। वे बोर्ड द्वारा तय किया गया शुल्क ऑनलाइन जमा कर घर बैठे ही इस सेवा का उपयोग कर सकते हैं। डॉ. शर्मा के अनुसार, ब्लॉकचेन तकनीक के इस्तेमाल से प्रमाण-पत्रों की असलियत और विश्वसनीयता बनी रहेगी, जबकि क्यूआर कोड के जरिए उनकी जानकारी को तुरंत डिजिटल रूप से जांचा जा